पर्दा मुख से हटा बंसी वाले तेरी महफ़िल में आए दीवाने

पर्दा मुख से हटा बंसी वाले तेरी महफ़िल में आए दीवाने.....

तेरी मुरली ने बहुत सताया सारे भक्तों को घर से बुलाया,
बंसी फिर से बजा मुरलीवाले, तेरी महफ़िल में आए दीवाने,
पर्दा मुख से हटा बंसी वाले तेरी महफ़िल में आए दीवाने.....

मैंने लोक लाज सब छोड़ी तुझसे जोड़ी जगत से तोड़ी,
मुझे अपना बना मुरलीवाले, तेरी महफ़िल में आए दीवाने,
पर्दा मुख से हटा बंसी वाले तेरी महफ़िल में आए दीवाने.....

तूने वृंदावन रास रचाया राधा रानी पर प्यार लुटाया,
प्यार हम पर भी लुटा मुरलीवाले, तेरी महफ़िल में आए दीवाने,
पर्दा मुख से हटा बंसी वाले तेरी महफ़िल में आए दीवाने.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31908/title/parda-mukh-se-hata-bansi-wale-teri-mehfil-me-aaye-diwane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |